


**DAUGHTERS SHOULD RECOGNIZE THE STRENGTH OF DURGA; NO ONE CAN SCARE YOU AND NO ONE CAN DEFEAT YOU: LOK SABHA SPEAKER/लोक सभा अध्यक्ष बोले, बेटियां दुर्गा का रूप, अपनी शक्ति को पहचाने; आपको न कोई डरा सकता है न कोई हरा सकता है**

**…**

**SHRI BIRLA LAUNCHES MAHARASHTRA GOVERNMENT'S HAR GHAR DURGA CAMPAIGN; KURLA ITI NOW NAMED AFTER MAHARANA PRATAP, ADVANCE LAB INAUGURATED/श्री बिरला ने किया महाराष्ट्र सरकार के हर घर दुर्गा अभियान का शुभारम्भ**

**…**

**KURLA ITI NOW NAMED AFTER MAHARANA PRATAP, ADVANCE LAB ALSO INAUGURATED/कुर्ला आईटीआई की पहचान अब महाराणा प्रताप के नाम पर, एडवांस लैब का भी उद्घाटन**

**Mumbai; 30 September, 2024:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla launched Maharashtra Government's Har Ghar Durga Campaign in Mumbai, today. Launching the Campaign, Shri Birla said that women are the backbone of society. When we empower daughters, train them for education and protection, we not only change their lives, but empower the entire society. The daughters of India are proving their leadership in every field today. Every daughter is the form of Durga, the day she will recognize the power within her, no one will be able to scare or defeat her. Lok Sabha Speaker Om Birla was speaking at the launch of Har Ghar Durga Abhiyan, an initiative to train daughter’s self-defence by the Ministry of Skills, Employment, Entrepreneurship and Innovation, Government of Maharashtra. Shri Birla launched the campaign in the presence of Skill Development and Entrepreneurship Minister Shri Mangal Lodha.

Morale will get a new flight

Shri Birla said that this initiative being launched by the Government on the occasion of Navratri will definitely make the daughters of the entire State empowered, safe and self-reliant. This initiative is also an important step towards skill development and empowerment of women. He was confident that the 'Har Ghar Durga Abhiyan' would prove to be a milestone towards making the Nari Shakti of Maharashtra province self-reliant. Under this campaign, girls studying in all ITI institutes of the State will be taught skills to protect themselves and deal with emergency situations.

ITI named after Maharana Pratap

The Maharashtra Government has renamed the ITI located in Kurla, Mumbai as 'Maharana Pratap Government Industrial Training Institute'. The naming plaque was unveiled during the event. Shri Birla said that Maharana Pratap is a symbol of strength, courage and self-respect. A mere remembrance of him evokes a feeling of love and devotion for the motherland. Naming of ITI after 'Maharana Pratap' is an important and inspiring initiative, he observed.

Advanced HP Lab inaugurated

In the programme, Shri Birla inaugurated the HP lab equipped with state-of-the-art technology at Swami Vivekananda International Skill Development Center. Shri Birla said that this is not only an important step towards skill development, but it will also open new avenues for expansion of our digital infrastructure. The modern labs will skill the youth, provide them new employment opportunities and lead them to entrepreneurship.

**मुंबई, 30 सितम्बर 2024:** महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं। जब हम बेटियों को सामर्थ्यवान बनाते हैं, उसे शिक्षा व सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण देते हैं, तो हम न केवल उसके जीवन को बदलते हैं, बल्कि पूरे समाज को सशक्त बनाते हैं। भारत की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपने नेतृत्व का लोहा मनवा रही है। हर बेटी दुर्गा का रूप है, जिस दिन वो अपने भीतर की शक्ति को पहचान लेगी उसे न कोई डरा पाएगा और न हरा पाएगा। सोमवार को महाराष्ट्र सरकार के कौशल, रोजगार, उद्यमशीलता और नवाचार मंत्रालय द्वारा बेटियों आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने की पहल हर घर दुर्गा अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर लोक

सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने यह बात की। श्री बिरला ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री मंगल लोढ़ा की मौजूदगी में इस अभियान की शुरूआत की।

हौसलों को मिलेगी नई उड़ान

श्री बिरला ने कहा कि नवरात्र पर्व पर सरकार द्वारा शुरू की जा रही यह पहल निश्चित रुप से पूरे राज्य की बेटियों को सशक्त, सुरक्षित व आत्मनिर्भर बनाएगी। यह पहल महिलाओं के कौशल विकास और उनके सशक्तीकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। मुझे पूरा विश्वास है कि 'हर घर दुर्गा अभियान' महाराष्ट्र प्रांत की नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अभियान के तहत राज्य की सभी आईटीआई संस्थानों में पढ़ रही बालिकाओं को अपनी सुरक्षा करने और आपात स्थितियों से निपटने के कौशल सिखाए जाएंगे।

महाराणा प्रताप के नाम पर आईटीआई का नामकरण

महाराष्ट्र सरकार मुबंई के कुर्ला स्थित आईटीआई का महाराणा प्रताप गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट' के नामकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान नामकरण पट्टिका का अनावरण किया गया। श्री बिरला ने कहा कि महाराणा प्रताप शक्ति, साहस और स्वाभिमान के प्रतीक है। उनके स्मरण मात्र से मातृभूमि के लिए प्रेम और समर्पण का भाव उत्पन्न होता है। 'महाराणा प्रताप' के नाम पर आईटीआई का नामकरण एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल है।

एडवांस्ड एचपी लैब का किया उदघाटन

कार्यक्रम में श्री बिरला ने स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय कौशल विकास केंद्र में अत्याधुनिक तकनीकी से युक्त एचपी लैब का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि यह न केवल कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इससे हमारे डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की नई राह भी खुलेगी। आधुनिक लैब युवाओं को कुशल

बनाएंगी, रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगी और उन्हें उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रसर करेंगी।